भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 97

गुरूवार, 29 जनवरी, 2026/9 माघ, 1947 (शक)

एकीकृत एनसीएस और एसआईडीएच प्लेटफॉर्म पर प्रयोक्ता साझेदारी

97. **श्रीमती रेखा शर्मा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया गया है;

(ख) क्या मंत्रालय ने इस एकीकृत प्लेटफॉर्म पर प्रयोक्ता साझेदारी को बढ़ाने के लिए कोई उपाय लागू किए हैं; और

(ग) क्या इस एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदान की गई सेवाओं का विस्तार करने की कोई भविष्य की योजनाएं हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस पोर्टल, स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत है जिसे एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से, रोजगार और उद्यमशीलता अवसरों हेतु व्यक्तियों की स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एनसीएस पोर्टल को एसआईडीएच के साथ एकीकृत करने से एसआईडीएच पर रोजगार चाहने वाले कुशल व्यक्तियों के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ उठाने और एनसीएस के रोजगार चाहने वालों के लिए एसआईडीएच की कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

एनसीएस पोर्टल में सुधार एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। हाल ही में, उन्नत एआई-सक्षम क्षमताओं द्वारा समर्थित आधुनिक, क्लाउड-आधारित और मोबाइल-फर्स्ट डिजिटल समाधानों के माध्यम से एनसीएस पोर्टल को उन्नत बनाया गया है ताकि इसकी पहुंच और उपयोगकर्ता भागीदारी में सुधार हो सके।

*****